शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल

शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल,
मेहरा वाली मैया ताले किस्मत के खोल,

तूने भेजा भुलावा मइयां दौड़ा मैं आया,
रखलो चरणों के पास देदो ममता की छाया,
पहाड़ा वाली मइयां मुख से बेटा कह बोल,
शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल

जाने पीड़ पराई जग में तू ही महा माई,
मैं हु बंदा गरीब फिर भी चुनरी चढ़ाई,
मेरे घर में बजवा दे खुशियों के ढोल,
शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल

मैं हु तेरा पुजारी आके किरपा माँ करदे,
देके दर्शन दया का सिर पे हाथ माँ दर दे,
तेरी महिमा का मइयां जग में दूजा न तोल,
शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल

तू है ममता की मूरत मइयां मुझपे कर मेहर,
दू मैं कलियाँ कमल की मइयां राह में बखेर,
हाथो वाली तुमसे मैं न करता मखौल,
शेरावाली मइयां ताले किस्मत के खोल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11308/title/sheravali-maiyan-taale-kismat-ke-khol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |